जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-19 | जयपुर, सोमवार, 9 मई, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


## महिलाओं के लिए शुरू होगा को-ऑपरेटिव बैंक -50,000 नए स्वयं सहायता समूहों का होगा गठन

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत श्रमिक दर तेजी से बढ़ी है। मनरेगा में अनुमोदित श्रम बजट, 100 दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों की संख्या, मानव दिवसों के सृजन तथा नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम में राज्य देशभर में प्रथम स्थान पर है। मनरेगा में 100 दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों को राज्य सरकार की ओर से 25 दिवस का अतिरिक्त रोजगार दिया जा रहा है। वहीं सहरिया, खैरूआ, कथौड़ी व विशेष योग्यजन को राज्य सरकार द्वारा 100 दिन का अतिरिक्त रोजगार देने के आदेश भी जारी हो चुके है। भीषण गर्मी को देखते हुए मनरेगा कर्मियों के लिए कार्यस्थल पर पीने के पानी, छाया, क्रेच, मेडिकल किट, साबुन-सेनेटाइजर आदि की व्यवस्था करवाई गई है। गहलोत ने कहा कि गांवों के लिए मास्टर प्लान बनाकर वहां शहरों की तर्ज पर ढांचागत सुविधाओं को विकसित करने की ठोस योजना तैयार की जा रही है। इसी क्रम में डांग, मेवात व मगरा क्षेत्र विकास बोर्ड की राशि को बढ़ाकर 25 करोड़ कर दिया गया है। गांवों में



इन्टरलॉक सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम, उद्यान, पुस्तकालय व अन्य सामुदायिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अभिसरण से चयनित ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी विकास पथ का निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरण में 3000 से अधिक जनसंख्या वाले गांवों का चयन होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं का राजीविका से कन्वर्जेन्स कर आय बढ़ाने हेतु कार्यशाला, नर्सरी विकास, सड़क के किनारे वृक्षारोपण के कार्य आयोजित किए जाएंगे। 600 करोड़ की लागत से 50,000 फॉर्म पौण्ड, डिग्गी व टांकों का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे लगभग 10,000 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। बंजर भूमि व चारागाह विकास बोर्ड द्वारा 1000 चारागाह तैयार करने का कार्य तेजी से चल रहा है। गहलोत ने कहा कि महिला सशक्तिकरण हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश में 50,000 स्वयं सहायता समूह के गठन की कार्ययोजना बना ली गई है जिससे 5.50 लाख ग्रामीण महिलाएं लाभान्वित होंगी। इन स्वयं सहायता समूहों को रिवोल्विंग फंड व कम्युनिटी इनवेस्टमेंट फंड के माध्यम से वित्तीय सहायता मुहैया करवाई जाएगी व बैंक ऋण के रूप में 600 करोड़ रूपए की व्यवस्था की जाएगी।

गहलोत ने कहा कि महिला को-ऑपरेटिव बैंक की प्रथम शाखा जल्द ही जयपुर में खोली जाएगी। साथ ही सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में मेट व्यवस्था के अन्तर्गत 50 प्रतिशत से अधिक महिला मेटों के नियोजन का कार्य किया जा रहा है। भीलवाड़ा जिले में 100 प्रतिशत महिला मेट का नियोजन किया जा चुका है जो एक एतिहासिक पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न जिलों में स्थित ग्रामीण तथा शहरी हाट बाजारों का संचालन अब ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जाएगा ताकि इनका वर्षभर उपयोग हो सके। मनरेगा में श्रमिकों द्वारा स्वयं कार्य की मांग करने के लिए मोबाइल ऐप बनाने का कार्य प्रगति पर है जिससे श्रमिकों के रोजगार का अधिकार सुनिश्चित होगा। वहीं जॉब कार्ड में जनआधार की एंट्री के लिए भारत सरकार द्वारा सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है। इससे जॉब कार्ड की डुप्लीकेशन की समस्या समाप्त होगी। श्री गहलोत ने केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा के बजट में कटौती पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि मनरेगा के लिए भारत सरकार द्वारा सामग्री मद में 3000 करोड़ का भुगतान बकाया है,

जिसके लिए भारत सरकार को पत्र लिखकर बकाया राशि का भुगतान करने का आग्रह किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री रमेश मीणा ने कहा कि विभाग प्रदेश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में मुख्य सचिव उषा शर्मा, प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव ग्रामीण विकास विभाग अपर्णा अरोड़ा, शासन सचिव ग्रामीण विकास विभाग डॉ. कृष्णकांत पाठक, राज्य मिशन निदेशक राजीविका मंजू राजपाल तथा आयुक्त मनरेगा शिवांगी स्वर्णकार सहित विभाग के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे ।

## साईं मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने अपने जन्मदिन पर की अनूठी पहल

**जयपुर (हमारा वतन)** चौमूं तहसील के ईटावा भूपजी स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर के महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने अपने जन्मदिन पर एक अनूठी पहल शुरू की है, जिसे जानकर आप भी अमल करना चाहेंगे। जानकारी के लिए आपको बता दें कि कैप्टन सिंह नाथावत ने अपने जन्मदिन के ऊपर सबसे पहले तो साईं मंदिर में साईं नाथ के दर्शन किए, पौधारोपण किया और अपने घर पर संगीतमय सुंदरकांड के पाठ करवाए, इसके बाद कन्याओं को भोजन प्रसादी ग्रहण करवाई । कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि आज के जमाने में सभी लोग पाश्चात्य संस्कृति को अपनाते हुए अपने जन्मदिन पर केक काटते हैं, लेकिन मैंने कुछ अलग करने की सोची और समाज को एक संदेश देने के लिए अपने जन्मदिन पर



पौधारोपण, सुंदरकांड के पाठ और कन्याओं को भोजन प्रसादी करवाने का काम किया । जिससे इस दिन की सार्थकता बनी रहे । सुंदरकांड के पाठ एस के म्यूजिक चौमूं के द्वारा संपन्न हुए । गौरतलब है कि आज ही के दिन आर्मी के धर्मगुरु कैप्टन श्रीराम शर्मा की वैवाहिक वर्षगांठ भी है । इस दौरान कालू भिंडा, योगेंद्र सिंह नाथावत, गोपाल बजाज ,सूरदास चारणवास ,जितेंद्र नाथावत, भूपेंद्र सिंह नाथावत, नवदीप सिंह नाथावत, रामअवतार भिंडा ,दीपेंद्र सिंह चंद्रावत पालड़ी, अंजली नाथावत ,आयुषी नाथावत ,यशस्वी राणावत, सिद्धि राणावत ,अनुष्का शर्मा और जिया ओला भी मौजूद रही ।

## चिरंजीवी योजना में 31 मई तक करवा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य सरकार की कैशलेस हेल्थ बीमा स्कीम मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए सरकार ने अंतिम तिथि को 31 मई तक के लिए बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस योजना को साल 2021 में शुरू किया था। इस योजना में 850 रुपए की प्रिमियम राशि लेकर राजस्थान के निवासी के परिवार को सरकार 10 लाख रुपए तक का कैशलेस मेडिकल बीमा देती है। इसमें सामान्य बीमारियों के अलावा लीवर ,हार्ट, किडनी, बोनमेरो ट्रांसप्लांट, कॉकलियर इम्प्लांट, घुटने की हड्डी का रिप्लेसमेंट, हिप रिप्लेसमेंट जैसे महंगे इलाज भी इसके पैकेज में शामिल है। इस योजना से राज्य के सभी 807 सरकारी हॉस्पिटल के अलावा 755 प्राइवेट हॉस्पिटल जुड़े है, जहां मरीज कभी भर्ती होकर अपना इलाज करवा सकता है ।इस बीमा में सरकार ने कैशलेस मेडिकल बीमा के अलावा बीमित परिवारों को दुर्घटनाओं से होने वाली मौत अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता की स्थिति में आर्थिक सम्बल प्रदान का भी प्रावधान रखा है। इसमें सभी बीमित परिवार योजना के पात्र लाभार्थी होंगे। इसमें दुर्घटना में मृत्यु होने अथवा दुर्घटना के कारण हाथ, पैर, आंख की स्थाई पूर्ण क्षति होने पर 5 लाख रुपए तक की आर्थिक मदद दी जाएगी।



## पूर्ण विधि-विधान से हुई राधा कृष्ण जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के मोरीजा रोड स्थित कागलिया वाले हनुमान मंदिर में राधा कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई । मूर्ति स्थापना आचार्य कमलेश शास्त्री, पंडित शशिकांत जोशी के द्वारा संपूर्ण पूजा विधि - विधान द्वारा की गई । इसके पश्चात यजमान ताराचंद भादरिया द्वारा यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई और महिलाओं के द्वारा मंगल गीत गाए गए । आयोजन समिति सदस्य आलोक जांगिड़ ने बताया कि मूर्ति स्थापना के पश्चात हरिनाम संकीर्तन किया गया और इसके बाद भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर चौमूं विधायक रामलाल शर्मा, खंडेला सरपंच सांवरमल जांगिड़, मोरीजा पूर्व सरपंच बलवीर शर्मा, कैलाश पिपलोदा, सुंदर चोपड़ा, गोपाल भादरिया, मूलचंद जांगिड़, राजेश राजोतिया, दिनेश राजोतिया, सत्यनारायण जांगिड़, महावीर प्रसाद जांगिड़, राजेंद्र जांगिड़, प्रभु दयाल भादरिया, गुलाब चंद सैनी, रमेश जांगिड़, ज्ञान प्रकाश भादरिया आदि लोग मौजूद रहे ।






## मदर्स डे स्पेशल

### कितना कठिन है माँ होना

कितना कठिन होता है ना? माँ होना
बचपने से सबको खुश
कर देना और जवां होना।
बस उँगलियों के इशारों
से ,सब कुछ बयां होना।
कयामत तलक माँ की
दुआओं का साथ रहना,
कितना कठिन होता हैना? माँ होना।
धूल में खेलकर, देह और
कपड़े को गंदा कर देना।
शैतानियों से माँ के जरूरी
काम को ,मन्दा कर देना।
याद है न मैले -कुचैटे
कपड़ो का नया होना।
कितना कठिन होता है
ना? माँ होना।
याद है? अपनी इच्छाओं को
माँ के ऊपर, थोप दिया करते थे।
इन्हें पूरा करने के अटल
इरादों में ,झोंक दिया करते थे।
बेजान अंधेरे रास्तो पर
माँ का समा होना।
कितना कठिन होता है
ना? माँ होना।
तेरी यादें ले जाती है मुझे
तन्हाइयों से दूर।
दुनिया की बेबुनियाद
रुसवाईयों से दूर।
बस परेशान हूँ पर बदला
नहीं हूँ माँ,
तूँ सोचती है ना?
मेरा क्या से क्या होना।
कितना कठिन होता है
ना? माँ होना।



सिद्धार्थ गोरखपुरी

## आजादी की गौरव यात्रा को लेकर जयपुर देहात सेवादल के कार्यकर्ताओं को बांटी जिम्मेदारी

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर जिला देहात सेवादल कार्यकारिणी, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षो, ब्लॉक अध्यक्षों की आवश्यकता मीटिंग का आयोजन चौमूं पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष सेवादल लल्लू राम सैनी की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सैनी ने कहा कि आजादी के बाद आज केंद्र की भाजपा सरकार की असफल नीतियों के खिलाफ देश में संविधान की एवं देश की रक्षा हेतु सबसे बड़ी यात्रा आजादी की गौरव यात्रा है जिसमें कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को भागीदारी करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि सेवादल के जयपुर संभाग प्रभारी राजेंद्र सिंह आडवाना ने कहा कि आजादी के दीवानों को याद करने देश का गौरव बढ़ाने वाली दीवाना की स्मृति में अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देशानुसार अखिल भारतीय



कांग्रेस सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई एवं शीर्ष नेताओं के सानिध्य में गुजरात के गांधी आश्रम से दिल्ली के राजघाट तक 1171 कि.मी. गौरव यात्रा मे से लगभग 750 कि.मी. राजस्थान से गुजरेगी इसलिए सेवादल के प्रत्येक पदाधिकारी की बड़ी जिम्मेदारी बनती है। जयपुर जिला प्रभारी कमल सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहां की भाजपा की केंद्र सरकार के पास देश चलाने की न तो कोई नीति है और ना ही जनहित के लिए नियत है। प्रदेश सचिव मास्टर श्याम शर्मा ने कहा कि देश में अंग्रेजो कुशासन के खिलाफ गांधीजी ने आजादी के लिए दांडी यात्रा ने इतिहास रचा और आज केंद्र की भाजपा सरकार तानाशाही के खिलाफ आजादी के गौरव यात्रा नए इतिहास की रचना करने जा रही है।

जिलाध्यक्ष लल्लूराम सैनी ने सभी जिला पदाधिकारियों विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि आजादी के गौरव यात्रा में भाग लेना प्रत्येक कार्य कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए गर्व की बात होगी। इस दौरान प्रदेश सेवादल कोषाध्यक्ष आरपी मीणा, यंग ब्रिग्रेड के जिलाध्यक्ष हरफूल कुमावत, प्रफुल्ल विजयवर्गीय, ताराचंद घोसलिया, सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया, हेमराज नुवाल, मिलापचंद नारोलिया, रामचंद्र यादव, राजू सैनी, कल्याण सहाय तंवर, भरत बुनकर, सूफी निजामुद्दीन, उमेश भाटी, राजीव तिवारी, रविंद्र सैनी, मोनू सेन, कृष्ण कुमार मीणा, रामनिवास गागर, नरेंद्र सैनी, पप्पन शर्मा, रामावतार सामरिया, विक्की नुवाल, कौशल तंवर, सुरेंद्र यादव, हीरालाल जादव, जितेंद्र कुमार सैनी, मोहनलाल सैनी, जगदीश प्रसाद अटल, भोलाराम मीणा, बाबूलाल धायल, गिरधारी लाल जाट, गजेंद्र जिगोनिया, राजेंद्र कुमार हिंगोनिया, झाबरमल देवेंन्दा सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## यूईएम जयपुर द्वारा नई दिल्ली में स्टार्ट-अप के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार और आईपी प्रबंधन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली (हमार वतन )** यूईएम जयपुर ने अपने मेंटी इंस्टीट्यूट रुक्मणी इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज (आरडीआईएएस) नई दिल्ली में स्टार्ट-अप के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार और आईपी प्रबंधन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में संस्थान के 100 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया व पेटेंट और ट्रेडमार्क के बारे में सीखा। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की एक टीम जिसमें इसके अध्यक्ष प्रो (डॉ) प्रदीप कुमार शर्मा, संयोजक प्रो (डॉ) अनुराग हैमिल्टन और सीनियर इनोवेशन एंबेसडर प्रो (डॉ) जी. उमा देवी ने आईआईसी पहल के तहत आरडीआईएएस का दौरा किया। प्रो. (डॉ.) रमन गर्ग, निदेशक, आरडीआईएएस ने इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, एमआईसी के तहत अपनी गतिविधियों में आरडीआईएएस



की रेटिंग में सुधार के लिए यूईएम जयपुर द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। प्रो. (डॉ.) उपासना दीवान, अध्यक्ष, आईआईसी, आरडीआईएएस ने आईआईसी रेटिंग के लिए छात्रों और शिक्षकों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने आरडीआईएएस में बिजनेस आइडिया लैब की स्थापना के बारे में बताया जहां छात्र विचार उत्पन्न कर सकते हैं और स्टार्टअप विकसित करने या उद्यमी बनने के लिए इस विचार पर काम कर सकते हैं। डॉ. उपासना ने यह भी पुष्टि की कि वर्तमान वर्ष के लिए उन्होंने आरडीआईएएस के आईआईसी के तहत विभिन्न गतिविधियों और कार्यशालाओं की योजना बनाई है। प्रो. (डॉ.) अनुराग हैमिल्टन, एसोसिएट प्रोफेसर और संयोजक, आईआईसी यूईएम जयपुर ने सभी छात्रों को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन और प्रतियोगिताओं में भाग लेने और राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त करने और अपनी आईआईसी रेटिंग में सुधार करने के लिए आरडीआईएएस का समर्थन करने के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में बताया। कार्यशाला ने बौद्धिक संपदा अधिकारों और स्टार्टअप्स के प्रबंधन के लिए एक लंबे समय तक चलने वाला प्रभाव दिया।

### अब उपनेता राठौड़ की सीएम गहलोत को खुली चुनौती:कहा-प्रदेश में साम्प्रदायिक घटनाओं की सीबीआई-एनएसए जांच की भेजें सिफारिश

जयपुर। 7 राज्यों में हुए दंगों और बुलडोजर चलवाने की घटनाओं की जांच के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को CM गहलोत की चुनौती पर बीजेपी ने पलटवार किया है। बीजेपी के सीनियर लीडर और विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने अब गहलोत को चुनौती दी है कि वह प्रदेश में हुई सांप्रदायिक घटनाओं की सीबीआई या एनएसए से जांच के लिए केंद्र को अपनी सिफारिश भेज दें, तब पता लगेगा मुख्यमंत्री या केन्द्रीय गृहमंत्री- किसमें कितना दम है। राठौड़ ने कहा भारत के संविधान में स्पष्ट है । कानून व्यवस्था स्टेट लिस्ट का सब्जेक्ट है। केंद्र सरकार बिना राज्य की परमिशन के कोई न्यायिक जांच नहीं करवा सकती है।

## आवर हैण्ड फॉर हेल्प फाउंडेशन ने लगाए बेजुबान पक्षियों के लिए परिन्डे

**जयपुर (हमारा वतन)** आवर हैण्ड फॉर हेल्प फाउंडेशन ने क्षेत्र में भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए परिण्डे लगाने का अभियान शुरू किया है ।


संस्था अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश ने बताया की इस भीषण गर्मी को देखते हुए एनजीओ सदस्यों के सुझाव को ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है । इस अभियान में एनजीओ के प्रत्येक सदस्य द्वारा कम से कम



15 परिण्डे लगाये जायेंगे और निरंतर उनका ध्यान भी रखा जायेगा । इसके साथ ही प्रत्येक सदस्य अपने - अपने गाँव शहर में अन्य लोगों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे, जो भी व्यक्ति इस अभियान से जुड़ेंगे उन तक परिंडो की व्यवस्था एनजीओ के द्वारा की जाएगी । अभियान के पहले दिन ही 30 परिण्डे अलग -अलग जगहों पर लगा गए और आने वाले दिनों में कम से कम 500 परिण्डे लगाएंगे। इस दौरान रमेश चंद मीना चीफ मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक, शुभम कुमावत, हेमन्त शर्मा, पंकज, कमल आदि सदस्य मौजूद रहे।

## रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के मनीष जटवाड़ा ने 55 वीं बार रक्त दान कर बचाई महिला की जान

**जयपुर (हमारा वतन)** मनीष जटवाड़ा ने आज 55 वीं बार रक्तदान करके महिला की जान बचाई। मनीष जटवाड़ा ने अब तक 27 बार ब्लड, 22 बार प्लेटलेट्स और 6 बार WBC डोनेट की है । मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती मरीज द्रोपती की प्लेटरेट्स 5000 ही रह गई थी। सोशल मीडिया के माध्यम से पेशेंट के परिवार जनों का फाउंडेशन सह संचालक राजेंद्र चौधरी से सम्पर्क हुआ था। गौरतलब है कि रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन लगातार मरीजों की जान बचाने में मदद कर रहा है। फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने मनीष का आभार व्यक्त किया।



## सुरेंद्र सिंह हरसोलिया समाज सेवा अवार्ड से सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)** जयपुर सीकर रोड होटल गैलेक्सी में मानव जन जागृति संस्थान की ओर से चौमूं क्षेत्र के टांकरडा निवासी समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया को उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईआरएस के.सी. घुमरिया, सेवानिवृत्त आईआरएस डी.एस. चौपड़ा, सेवानिवृत्त वित्तीय सलाहकार इंद्राज सिंह, सेवानिवृत्त आईपीएस जी.सी. राय, टीआई सोनचंद लाडना, उद्योगपति जी.सी. लाखीवाल, डॉ. रणजीत सिंह मेहरानिया, एम.एल. परिहार, भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेशाध्यक्ष अमर चंद हरसोलिया, कजोडमल तडदिया आदि ने हरसोलिया को समाज सेवा



अवार्ड से सम्मानित किया।

कार्यक्रम संयोजक पुलिस इंस्पेक्टर इंद्राज मरोडिया व संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेना ने बताया कि हरसोलिया को यह सम्मान समाजसेवा व विभिन्न सामाजिक कार्यो के लिए दिया गया है।

## चौमूं का इतिहास



**गतांक से आगे.....** शुक्र नीतिकार ने दुर्ग के नौ भेद बताये है:-

एरण दुर्ग-खाई, कोटों तथा पत्थरों से जिसके मार्ग दुर्गम बने हों।

**पारिख दुर्ग**-वह दुर्ग जिसके चारों तरफ बहुत बड़ी खाई है।

**पारिध दुर्ग**-जिसके चारों ओर ईट, पत्थर तथा मिट्टी के बनी बड़ी-बड़ी दीवारों का परकोटा हो।

**वनदुर्ग**-वह दुर्ग जो बहुत बड़े-बड़े कांटेदार वृक्षों के समूह से चारों तरफ घिरा हुआ हो।

**धन्व दुर्ग**-ऐसा दुर्ग जिसके चारों तरफ बहुत दूर तक मऊ भूमि फैली हो।

**जल दुर्ग**-जिसके चारों तरफ बहुत दूर तक जल राशि विस्तृत हो।

**गिरिदुर्ग**-एकांत में किसी पहाड़ी पर बना किला जिस पर जल संचय का भी प्रबंध हो।

**सैन्य दुर्ग**-व्यूह रचना में चतुरवीरों से व्याप्त होने से अभेद्य हो।

**सहाय दुर्ग**- जिसमें शूर एवं सदा अनुकूल रहने वाले बांध व लोग रहते हो।

उपरोक्त सभी दुर्गो में सैन्य दुर्ग सर्वश्रेष्ठ होता है। यह सत्य है कि प्राचीन काल से ही राजस्थान में दुर्ग बनाने की परंपरा थी और इस तथ्य की पुष्टि कालीबंगा की खुदाई तथा मौर्य एवं गुप्त काल में बने किलों के अवशेषों से होती है। चित्तौड़ का दुर्ग भी प्राचीनकाल के दुर्गो में से एक है। कहते है कि इसका निर्माण मौर्य राजा चित्रागंद मोर्य ने कराया था। यह 150 मीटर ऊंचाई पर बना है।



प्रिंस कुमार उप्पल (मुद्राशास्त्री) निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग-जयपुर

.....शेष अगले अंक में

## जॉब्स

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद व्याख्याता, पद संख्या 6000, अंतिम तिथि 6 जून 2022
2. आईजीआई एविएशन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, पद कस्टमर सर्विस एजेंट, पद संख्या 1095, अंतिम तिथि 22 मई 2022
3. आईसीएआर इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईएआरआई), पद असिस्टेंट, पद संख्या 462, अंतिम तिथि 1 जून 2022
4. इंडिया पोस्ट, पद ग्रामीण डाक सेवक (जीडीएस), पद संख्या 38926, अंतिम तिथि 5 जून 2022
5. उत्तर प्रदेश एनएचएम, पद मिडवाइफरी एजुकेटर, पद संख्या 18, अंतिम तिथि 22 मई 2022
6. साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1044, अंतिम तिथि 3 जून 2022
7. महाराष्ट्र स्टेट कॉरपोरेशन बैंक लिमिटेड, पद ट्रेनी जूनियर ऑफिसर, ट्रेनी क्लर्क, पद संख्या 195, अंतिम तिथि 25 मई 2022
8. ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी), पद अप्रेंटिस, पद संख्या 3614, अंतिम तिथि 15 मई 2022




## ऐक्सिडेंट में बाल-बाल बचीं तनुश्री दत्ता ने दिखाई चोट, मजाक में बोलीं- मोटी चमड़ी ने हड्डी नहीं टूटने दी

हाल ही सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हुईं तनुश्री दत्ता को टांग में कुछ टांके आए हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर कर ऐक्सिडेंट के बारे में बताया और मजाक में बोलीं कि उनकी मोटी चमड़ी ने हड्डियां टूटने से बचा लीं। ऐक्ट्रेस तनुश्री दत्ता का हाल ही मंदिर जाते वक्त ऐक्सिडेंट हो गया था। तनुश्री दत्ता जब उज्जैन महाकाल के दर्शन के लिए जा रही थीं तो उनके साथ बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें उनके पैर में चोट आई थी। शेयर किए गए वीडियो में लंगड़ाते हुए चलती नजर आ रही थीं। अब तनुश्री दत्ता ने अपनी लगी चोट की तस्वीरें शेयर की हैं। तनुश्री दत्ता को कुछ टांके भी आए हैं। तनुश्री दत्ता ने ये तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इनमें से कुछ तस्वीरें वो जो ऐक्ट्रेस ने महाकाल मंदिर के सामने क्लिक कीं। इनमें से एक तस्वीर में तनुश्री दत्ता की टांग लहूलुहान दिख रही है। ये तस्वीरें शेयर कर तनुश्री दत्ता ने लिखा है, आज का दिन काफी रोमांचक रहा। लेकिन आखिरकार महाकाल के दर्शन के लिए पहुंच ही गई।तनुश्री ने पोस्ट में आगे लिखा है, मंदिर जाते वक्त मेरे साथ डरावना ऐक्सिडेंट हुआ। ब्रेक फेल हो गए थे। शुक्र है सिर्फ कुछ टांकों से ही जान छूटी...जय श्री महाकाल। तनुश्री दत्ता ने महाकाल मंदिर के अंदर का भी एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह लंगड़ाते हुए चल रही हैं। वीडियो शेयर कर तनुश्री ने लिखा है कि यह उनकी लाइफ का पहला ऐक्सिडेंट था, लेकिन इसने उनके विश्वास को और मजबूत कर दिया है।



## पलक तिवारी ने शर्ट के ऊपर पहना क्रॉप टॉप, तो लोगों ने उन्हें दे डाली सही कपड़े पहनने की सलाह

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी इन दिनों काफी चर्चा में हैं। बिजली-बिजली के बाद उनका दूसरा गाना मांगता है क्या रिलीज हुआ है, जो हिट हो गया है। पलक तिवारी अपने गानों के अलावा स्टाइल स्टेटमेंट को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। वह कही भी जाती हैं पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने लगते हैं। सोशल मीडिया पर पलक की फैन फॉलोइंग भी जबरदस्त हो गई है लेकिन बीच-बीच में ट्रोलर्स उन्हें परेशान करते रहते हैं। पलक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह व्हाइट शर्ट पर क्रॉप टॉप कैरी करती हुई दिख रही हैं। उनके इस फैशन सेंस को लेकर लोगों ने उन्हें खरी खोटी सुनानी शुरू कर दी।पलक तिवारी ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें वह ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट का प्रचार कर रही हैं। इस वीडियो में उन्होंने लॉन्ग व्हाइट पर ब्लैक क्रॉप टॉप पहना। नीचे उन्होंने ब्लैक बूट्स के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है। ये वीडियो आते ही वायरल होने लगी और लोगों ने इस पर कमेंट करना शुरू कर दिया इस वीडियो में पलक तिवारी बेहद खूबसूरत दिख रही हैं और उनके फैन्स उनकी तारीफ कर रहे हैं। तो वहीं कुछ यूजर्स को उनका फैशन सेंस समझ नहीं आया। एक यूजर ने लिखा- सबकुछ ठीक है लेकिन शर्ट के ऊपर ब्रा कौन पहनता है। तो वहीं दूसरे ने लिखा- फीमेल सुपरमैन अन्य एक ने लिखा- जैसे सुपर मैन पैंट के ऊपर चड्डी पहनता है वैसे ही आपने तो सुपर मैन की चड्डी की तरह ब्रा ऊपर पहन ली। एक और यूजर ने लिखा- आपने उर्फी से दोस्ती कर ली क्या? पलक तिवारी दो म्यूजिक एल्बम में नजर आ चुकी हैं और वह जल्द ही फिल्मों में डेब्यू कर सकती हैं। पिछले दिनों बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक के रैंप पर पलक तिवारी ने अपना जलवा बिखेरा था। उनका ग्लैमरस अदांज लोगों को काफी पसंद आया था।



## भूमि पेडनेकर ने ट्रांसपेरेंट गाउन में फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर, दिल थाम कर देखें ये फोटो

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर आज इंस्टाग्राम पर एक सेंसेशन बन चुकी हैं और वो आए दिन अपनी ग्लैमरस फोटोज अपलोड कर फैन्स को ट्रीट देती नजर आती हैं। अपनी लेटेस्ट फोटोज़ में भूमि पेडनेकर किसी दिवा की तरह पोज़ देती नजर आ रहीं हैं, तो आइए डालते हैं एक नजर उनकी इन तस्वीरों पर। इन हालिया तस्वीरों में भूमि पेडनेकर ट्रांसपेरेंट गाउन में बेहद हॉट पोज़ देती दिखाई दे रहीं हैं, जिन पर फैन्स मर मिटे हैं।तस्वीरों में भूमि पेडनेकर के किलर पोज़ फैन्स की धड़कनें बढ़ाने के लिए काफी हैं, जिनसे नजरें हटा पाना फैन्स के लिए मुश्किल हो रहा है। सोशल मीडिया पर भूमि पेडनेकर की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो भूमि पेडनेकर गोविंदा नाम मेरा, रक्षा बंधन, भीड़, भक्षक और द लेडी किलर जैसी कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।



# कुछ योगासन, जो आपके लिए सांस लेना आसान बना सकते हैं

जिन लोगों को किसी भी तरह की ब्रीदिंग प्रोब्लम है, उन्हें योग और प्राणायाम को अपने रुटीन में शामिल करना चाहिए। ये प्राकृतिक तरीके से आपके फेफड़ों की कार्य क्षमता बढ़ा सकते हैं। अस्थमा जैसी सांस लेने संबंधी समस्या को दूर करने में योग आसन और श्वास तकनीक एक शक्तिशाली व प्रभावशाली तरीका है। योग का मुख्य उद्देश्यों में से एक ये भी है कि यह मन और शरीर दोनों से तनाव को खत्म करने में मदद करता है। चिंता और तनाव जैसे तमाम कारक मुख्य रूप से सांस फूलने की समस्या का कारण हैं। और नियमित योग अभ्यास करके हम आसानी से अपनी इस समस्या से राहत, फेफड़ों की कार्यक्षमता और स्वास्थ्य को बेहतर कर सकते हैं। आइए जानते हैं उन योगासनों के बारे में जो आपके फेफड़ों के स्वास्थ्य को बूस्ट कर सकते हैं।आप भी इन योग मुद्राओं और प्राणायाम या सांस संबंधित तकलीफों में राहत दिलाने वाले एक्सरसाइज को दिन में दो बार अपनाकर अपने फेफड़ों को मजबूत बना सकती हैं साथ ही अस्थमा और सांस की अन्य बीमारियों में राहत पा सकती हैं।



**इन स्थितियों में मुश्किल हो जाता है ठीक तरह से सांस लेना**

अस्थमा के दौरान समस्या को और बढ़ाने वाले कुछ पर्यावरणीय कारक और लाइफस्टाइल यहां शामिल हैं।घातक वायु प्रदूषण जो हवा की क्वालिटी बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार होते हैं

सिगरेट पीना

औद्योगिक धूल

ठंडी हवा

फूलों से निकलने वाले परागकण और अन्य एलर्जी फैलाने वाले कण उन लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल बना सकते हैं, जो पहले ही अस्थमा या ब्रोंकाइटिस जैसी समस्या से जूझ रहे हैं। ये स्थिति बच्चों के लिए और भी ज्यादा खतरनाक हो सकती है। क्योंकि उनकी श्वास नली वयस्कों की तुलना में काफी छोटी होती है। अस्थमा से जूझ रहे मरीजों को राहत कैसे मिले उस पर हेल्थ शॉट्स की टीम ने योग एवं आध्यात्मिक गुरु और लाइफस्टाइल कोच ग्रैंड मास्टर अक्षर से बात की। बातचीत के दौरान लाइफस्टाइल कोच अक्षर ने कई प्रभावी योग आसनों के बारे में बताया है। इन आसनों के अभ्यास से अस्थमा के दौरान होने वाली तकलीफों से आप आराम पा सकती हैं।

**फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए अहम है योग**-योग करने से फेफड़ों की कई समस्याएं दूर हो जाती हैं। दरअसल यह अस्थमा के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत व तकलीफों को कम करने में मददगार हैं। अस्थमा के लक्षणों को कम करने में योग मददगार साबित होता है। इसलिए इस बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए योग का अभ्यास जरुर करना चाहिए। यह उन्हें काफी फायदा पहुंचाता है। लाइफस्टाइल कोच अक्षर बताते हैं कि सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पाने के लिए अपनी दिनचर्या में बद्ध कोणासन, हलासन, जानू सिरसासन जैसी मुद्राओं का अभ्यास करना चाहिए।






## Madrid Open: तीन घंटे से ज्यादा समय चले मुकाबले में आखिरकार जीते राफेल नडाल

**मैड्रिड,एपी।** चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में रीयाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ संघर्षपूर्ण जीत का गवाह बनने के एक दिन बाद राफेल नडाल को टेनिस कोर्ट पर अपनी पसंदीदा फुटबॉल टीम की तरह जुझारूपन दिखाना पड़ा। रीयाल मैड्रिड ने जहां अंतिम क्षणों में दो गोल करके मैच को एक्स्ट्रा टाइम तक खींचा और फिर जीत दर्ज की, नडाल ने भी मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में डेविड गोफिन के खिलाफ चार मैच प्वॉइंट बचाकर जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज नडाल ने तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में गोफिन को 6-3, 5-7, 7-6 (9) से हराया। उनका अगला मुकाबला हमवतन स्पेनिश कार्लोस अलकारेज से होगा, जिन्होंने कैमरन नोरी को 6-4, 6-7 (4), 6-3 से हराकर अपना 19वां जन्मदिन मनाया। यह नडाल के करियर की 1,050वीं जीत है। इससे पहले एंडी मरें ने पेट में परेशानी के कारण नोवाक जोकोविच के खिलाफ मैच से नाम वापस ले लिया।जोकोविच इस तरह से कोर्ट पर उतरे बिना ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जहां उनका सामना 12वीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज से होगा।

## जडेजा के सीएसके कप्तानी छोड़ने के फैसले पर ग्रीम स्वान का दिल जीतने वाला बयान

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी रविंद्र जडेजा ने जब छोड़ने का फैसला लिया, तो इस पर तमाम दिग्गज क्रिकेटरों ने अपनी राय दी। कुछ ने इस फैसले की तारीफ की, तो कुछ को यह बात बिल्कुल पसंद नहीं आई। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्रीम स्वान ने अब इसको लेकर जो कुछ कहा है वह दिल जीतने वाला है। आईपीएल 2022 से ठीक पहले महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ने और इसे रविंद्र जडेजा को सौंपने का फैसला लिया था। बीच सीजन में जडेजा ने धोनी को वापस कप्तानी सौंप दी। स्वान ने कहा कि जडेजा का यह फैसला बहादुरी भरा है। टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने भी जडेजा के इस फैसले की तारीफ की है। स्वान ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, हम सभी की कुछ पसंदीदा टीम होती हैं, जिनके खिलाफ हमें खेलना पसंद होता है। सीएसके ने आरसीबी के खिलाफ पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। यह जडेजा के लिए बड़ी बात है कि उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि कप्तानी उनके बस की बात नहीं है।उन्होंने आगे कहा, आपके अंदर की मेल ईगो आपको यह कहने से रोकती है।

## उमरान मलिक ने फेंकी आईपीएल के इतिहास की दूसरी सबसे तेज गेंद, किसके नाम है ये रिकॉर्ड?

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2022 के 50वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस सीजन की सबसे तेज गेंद डाली। उमरान मलिक के नाम इससे पहले 154 kmph की रफ्तार के साथ चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सबसे तेज गेंद डाली थी, मगर आज उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले 154.8 फिर 156 और 157 kmph की गेंद डाली है। उमरान का सपना 155 kmph की रफ्तार से गेंद डालने था, जो उन्होंने आज पूरा कर लिया है।उमरान मलिक 154 kmph की रिकॉर्ड 12वें ओवर में तोड़ते हुए 154.8 kmph से गेंद डाली। इसके बाद पारी के आखिरी ओवर में उन्होंने 155 और 157 kmph की रफ्तार से गेंदें डाली, हालांकि इन दोनों गेंदों पर ही उन्हें पॉवेल ने चौके लगाए। पॉवेल ने उमरान मलिक के आखिरी ओवर से कुल 19 रन बटोरे। उमरान मलिक ने अपने 4 ओवर के कोटे में बिना विकेट लिए 52 रन खर्च किए।उमरान मलिक के लिए यह सीजन अभी तक शानदार रहा है। 10 मुकाबलों में उन्होंने 15 विकेट लिए हैं। मगर पिछले दो मुकाबलों में वह एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी उन्होंने चार ओवर में बिना विकेट लिए 48 रन खर्च किए थे।आईपीएल में सबसे तेज डालने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के शॉन टेट के नाम है जिन्होंने 157.71 kmph की रफ्तार से 2011 में यह रिकॉर्ड बनाया था। बात मुकाबले की करें तो सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है।



हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# युद्ध के खिलाफ

तीन देशों की अपनी यूरोपीय यात्रा के पहले चरण में सोमवार को जर्मनी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन युद्ध को लेकर अपने अब तक के रुख में कोई बदलाव किए बगैर यह बात साफ कर दी कि भारत न केवल इस युद्ध के पूरी तरह खिलाफ है बल्कि वहां जल्द से जल्द शांति स्थापित करने का भी पक्षधर है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि इस युद्ध में कोई विजयी नहीं होने वाला, सब नुकसान में ही रहेंगे। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि यूक्रेन संकट के चलते जिस तरह के हालात पैदा हो रहे हैं- तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं, खाद्यान्न की कमी हो रही है- उससे दुनिया का हर परिवार प्रभावित हो रहा है। प्रधानमंत्री का इतनी साफगोई से पेश आना जरूरी इसलिए था क्योंकि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही दुनिया में और खास तौर पर यूरोपीय देशों में यह परसेप्शन बनता जा रहा था कि रूस से अपनी दोस्ती के चक्कर में भारत यूक्रेन युद्ध को लेकर ढीला-ढाला रवैया अपना रहा है। वह कहे जाने के बावजूद रूस की निंदा नहीं कर रहा। रूस की निंदा प्रधानमंत्री ने वहां भी नहीं की। लेकिन यह अच्छी तरह स्पष्ट कर दिया कि किसी देश की निंदा न करने का मतलब उसके हर काम का समर्थन नहीं होता। दूसरी बात यह कि यूक्रेन युद्ध ने यूरोपीय देशों के सोच की दशा और दिशा में जबर्दस्त बदलाव ला दिया है। न केवल स्वीडन और फिनलैंड जैसे देश नैटो की सदस्यता लेने की कोशिश में जुटे हुए हैं बल्कि जर्मनी ने भी रक्षा पर खर्च अप्रत्याशित रूप से बढ़ा दिया है।जाहिर है द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पहली बार अपनी जमीन पर खतरनाक मिसाइलें छूटते और विनाशकारी बम बरसते देख यूरोपीय देश हिल गए हैं। कल को यह युद्ध समाप्त हो जाए, तब भी उन्हें इस युद्ध के साये से उबरने में वक्त लगेगा। ऐसे में अगर इन देशों के साथ आपसी विश्वास और सहयोग का रिश्ता कायम रखना है और उसे नई ऊंचाई देनी है तो वहां भारत ऐसी किसी गलतफहमी के लिए गुंजाइश नहीं छोड़ सकता, जिसके आधार पर उसे सभ्य दुनिया पर युद्ध लादने वालों का समर्थक माना जाने लगे।


राम गोपाल सैनी

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।
- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-



## खादी ग्रामोद्योग आयोग अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा का चूरू में हुआ अभिनंदन

**चूरू (हमारा वतन)** खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजस्थान सरकार में बृजकिशोर शर्मा का चूरू आगमन पर ब्राह्मण महासभा के युवा अध्यक्ष अंजनी कुमार ने सभी टीम के साथियों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर चंद्रभान शर्मा, नरेश शर्मा, राजवीर शर्मा, कुलदीप शर्मा, मनीष शर्मा, सरवन शर्मा, गणेश शर्मा, गर्वित शर्मा दक्ष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### विद्युत आपूर्ति में सुधार हेतु लगातार प्रयास जारी: अध्यक्ष डिस्कॉम

जयपुर। राजस्थान डिस्कॉम्स के अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार कर विद्युत उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली की आपूर्ति के लिए राज्य सरकार व विद्युत निगमों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसके लिए प्रतिदिन बिजली की मांग, उपलब्धता एवं आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा कर प्रयास यह किया जा रहा है कि बिजली की कम से कम कटौती करनी पड़े। सावंत ने बताया कि बिजली की अत्यधिक मांग बढने व उपलब्धता में कमी के चलते 28 अप्रेल से सम्भागीय मुख्यालयों, जिला मुख्यालयों, नगरपालिका क्षेत्रों एवं 5 हजार से अधिक आबादी वाले गावों में शिडयूल के अनुसार बिजली कटौती लागू की गई थी। एक मई के बाद उपलब्धता के अनुसार घोषित से कुछ कम कटौती की गई है।

## मदर्स डे स्पेशल

### जननी

देकर जन्म
मुझ नादान को
जननी तुम कहलाई
देख मेरी
पहली झलक
मंद मंद तुम मुस्काई
नहीं मेरे पास कोई
शब्द ऐसा जो कर सके
गुणगान तेरा
देखूं जब जब
सूरत तेरी
तू लगे मुझे
ममता की मूरत
भगवान स्वयं
ना जान सके
तेरी महिमा
कुदरत का हो
तुम करिश्मा
सबसे ऊँचा
तेरा दर्जा
तुझसे पहले
ना कोई दूजा
प्रथम पूज्य स्वयं
करते मां की पूजा
सबसे सुंदर
काव्य हो तुम
चित्रकार की
चित्र कथा हो तुम
मूर्तिकार की सुंदर
प्रतिमा हो तुम
दार्शनिक का संपूर्ण
दर्शन हो तुम
संपूर्ण ब्रह्मांड में
न तुमसा कोई
दिल जो तेरा
जलाता कोई
निकालकर कलेजा
देती उसे ही
इसलिए ही
जननी तुम
माँ कहलाई।


डॉ.योगिता जोशी
'अनुप्रिया'

### ट्रेन में मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए आरपीएफ और एवीए ने किया समझौता

नई दिल्ली। मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे को एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के साथ एक समझौता किया है जिसके अनुसार दोनों संगठन अब मिलकर काम करेंगे। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने तस्करी मुक्त राष्ट्र के लिए एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (एवीए) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

# सामोद ऐनीकट से कई गावों की पेयजल समस्या का होगा समाधान : रामलाल शर्मा

**चौमूं (हमारा वतन)** अरावली पर्वतमाला में बसे ग्राम पंचायत सामोद में विधायक कोष से 33 लाख की लागत से निर्माणाधीन ऐनीकट के कार्य का अधिकारियों के साथ विधायक रामलाल शर्मा ने निरीक्षण किया। विधायक शर्मा ने अधिकारियों को बरसात आने से पूर्व इस ऐनीकट के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए दिशा निर्देश दिए, ताकि जनता को इस ऐनीकट का लाभ मिल सके। विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि यह ऐनिकट चौमूं विधानसभा के लिए अनुकरणीय उदाहरण बनेगा और पेयजल समस्या के समाधान हेतु ये मेरा प्रयास है, जल्द से जल्द इस तरह के ओर ऐनिकट विधानसभा के कई गावों में बनाए जाएंगे ताकि भूजल के स्तर को बढ़ने के साथ साथ लोगो को पेयजल समस्या से निजात मिल सके। एनीकट के निरीक्षण के दौरान निवर्तमान फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, पंचायत समिति सदस्य महेश यादव, सामोद पूर्व सरपंच दिनेश चतुर्वेदी सहित अधिकारी उपस्थित रहे।



Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल ऑफसेट प्रिन्टिंग पोस्टर / पम्पलेट बिल-बुक लेटर हेड
शादी कार्ड सवामणी कार्ड स्क्रीन प्रिन्टिंग विजिटिंग कार्ड आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

# दूल्हा दुल्हन धारे पूजन कर देते हैं जल संरक्षण का संदेश : डॉ सोनी

**देहरादून (हमारा वतन)** ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनोखी परम्पराएं देखने को मिलती हैं जहां एक ओर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है वही गांव की रीति रिवाज उन्हें बचाने की पहल करती है। ग्रामसभा पूर्णा चमोली देवाल में दूल्हा संजय व दुल्हन ममता ने इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए मूल जलस्रोत की पूजा अर्चना कर जल संरक्षण की पहल की तथा मेरा पेड़-मेरा दोस्त के तहत वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी द्वारा दिया शगुन में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा कि हमारे पूर्वजों की कई ऐसी परम्पराएं हैं जो प्रकृति में निहित संसाधनों के संरक्षण पर जोर देती हैं। जहां जल संरक्षण की सरकार की कई योजनाएं चल रही हैं वही हमारे गांव के दूल्हा दुल्हन पानी के धारे की पूजा कर मूल जलस्रोत को बचाने का संकल्प लेते हैं। दुल्हन ताँबे के गागर में पानी भरकर परिवार के सभी सदस्यों को पानी पिलाकर आशीर्वाद लेती हैं। डॉ सोनी कहते हैं जो रीति रिवाज हमारे पूर्वजों ने बनाये हैं उनका अनुशरण मनुष्य करें तो हमारे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन नही होगा बल्कि उनका संरक्षण होगा। पंडित दलीप राम कहते है हमारे क्षेत्र में नव दम्पति पानी के धारे के पूजा करके पानी बचानी का संदेश देते हैं।



RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा